तापमान
अधिकतम 17 .7 डिग्री
न्यूनतम 1.4 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार 14 जनवरी 2026

11 लोहड़ी पर्व पर लोकगीतों, बोलियों व ढोल की थाप पर झूमे छात्र-छात्राएं



12 कार्यशाला में प्राथमिक शिक्षकों ने भी लिया प्रशिक्षण






## खबर संक्षेप

### मुनाफे का लालच देकर 80 लाख ठगे

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में एक बैंक कर्मचारी को अधिक मुनाफे का लालच देकर 80 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपित ने हर महीने 10 फीसदी ब्याज देने का झांसा देकर पीड़ित से मोटी रकम हड़प ली। कुंडली थाना पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

### देवडू व गढ़ी ब्रह्मणान में चला पीला पंजा

**सोनीपत।** मंगलवार को गांव देवडू की राजस्व सम्पदा में 12 एकड़ तथा गढी ब्रह्मणान की राजस्व संपदा में 10 एकड़ पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान तीन अवैध कॉलोनियों में 03 बाउंडरी वॉल, 30 डीपीसी, सीसी टाईलस रोड़ व कच्चे रास्तों के नेटवर्क को ध्वस्त किया गया। जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) अजमेर सिंह ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें।

### अक्षित ने राष्ट्रीय बॉक्सिंग स्पर्धा में जीता रजत पदक

**गोहाना।** राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोहाना-सोनीपत मार्ग स्थित ईश्वर इंटरनेशनल स्कूल के छात्र अक्षित ने द्वितीय स्थान प्राप्त करके रजत पदक जीत लिया। मंगलवार को स्कूल में पदक विजेता खिलाड़ी को समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता स्कूल के एमडी अनिल मलिक ने की और संयोजन प्राचार्या उषा कौशिक का रहा।

### सुबह के समय छाया रहा कोहरा, सफेद चादर में लिपटा जिला

# सर्दी का सितम : 1.4 डिग्री तापमान के साथ सोनीपत प्रदेश में सबसे ठंडा रहा

1 कड़ाके की ठंड ने कई सालों के रिकॉर्ड तोड़े, दिनभर बनी रही तेज गलन

2 राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात प्रभावित, सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए

3 बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर सुबह के समय सन्नाटा पसरा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे ने जनजीवन को पूरी तरह से अस्त व्यस्त कर दिया है। मंगलवार को सोनीपत पूरे प्रदेश में सबसे ठंडा इलाका रहा। यहां न्यूनतम तापमान 1.4 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया जिसने पिछले कई सालों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। बर्फीली हवाओं के कारण गलन इतनी बढ़ गई है कि लोग दिन भर ठिठुरते नजर आए। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले के सरगथल क्षेत्र में सबसे कम तापमान दर्ज किया गया जबकि अधिकतम तापमान भी 17.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कोहरे की सफेद चादर ने पूरे जिले को अपनी आगोश में ले लिया जिससे सड़कों पर यातायात की रफ्तार पर ब्रेक लग गया। सुबह साढ़े नौ बजे के करीब सूरज के दर्शन जरूर हुए लेकिन शीतलहर के तीखे तेवरों के सामने धूप बेअसर साबित हुई। बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर सुबह के समय सन्नाटा पसरा रहा।



*फिरोजपुर मंडल के अमृतसर, दिल्ली मंडल के गाजियाबाद यार्ड में इंटरलॉकिंग संबंधित कार्य किए जा रहे हैं। इसके अलावा सुबह कोहरे के चलते कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है। समय सारणी में सुधार किया जा रहा है।*
*- हिमांशु शेखर उपाध्याय, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर रेलवे*

### ठंड में ट्रेनों की रफ्तार पर असर

#### अपलाइन की प्रभावित ट्रेनें

दिल्ली-अंबाला रूट पर चलने वाली मालवा एक्सप्रेस 4:26 घंटे, आम्रपाली एक्सप्रेस 2:26 घंटे, बठिंडा एक्सप्रेस 2:33 घंटे, 64465 सवारी गाड़ी 2 घंटे की देरी पहुंची।

#### डाउन लाइन की प्रभावित ट्रेनें

अंबाला-दिल्ली रूट पर चलने वाली बठिंडा एक्सप्रेस 3:48 घंटे, दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस 3:18 घंटे, झेलम एक्सप्रेस 3:01 घंटे, नई दिल्ली जनशताब्दी एक्सप्रेस 1:40 घंटे, दादर एक्सप्रेस 1:09 घंटे, मालवा एक्सप्रेस 1:41 घंटे, शान ए पंजाब एक्सप्रेस 2:36 घंटे, जम्मू मेल 1:32 घंटे, हिमाचल एक्सप्रेस 2:19 घंटे, नेताजी एक्सप्रेस 2:20 घंटे, टाटानगर एक्सप्रेस 1:48 घंटे, 64454 सवारी गाड़ी 3:09 घंटे, 64002 सवारी गाड़ी 1:53 घंटे, 64452 सवारी गाड़ी 2:02 घंटे की देरी से सोनीपत पहुंची।

### सब्जियों और चारे की फसल पर खतरा

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यह ठंड और कोहरा फसलों के लिए मिलाजुला असर लेकर आया है। जहां गेहूं की फसल के लिए यह मौसम अनुकूल माना जा रहा है वहीं सब्जियों और चारे की फसलों पर पाला गिरने का खतरा बढ़ गया है। किसानों को सलाह दी जा रही है कि वे फसलों में हल्की सिंचाई करते रहें ताकि पाले के प्रभाव को कम किया जा सके। ग्रामीण इलाकों में गलन के कारण पशुओं की देखभाल करना भी चुनौतीपूर्ण हो गया है।

### हृदय और सांस के रोगियों की बढ़ी परेशानी

स्वास्थ्य विभाग ने भी मौसम के बदलते मिजाज को देखते हुए एडवायजरी जारी की है। चिकित्सक डॉ. जेएस पूनिया का कहना है कि अचानक तापमान गिरने से हृदय और सांस के रोगियों की परेशानी बढ़ सकती है। लोगों को सुबह और शाम की सैर से बचने की सलाह दी गई है। इसके अलावा बच्चों को सर्दी और जुकाम से बचाने के लिए विशेष सावधानी बरतने को कहा गया है। अस्पतालों में ठंड से जुड़ी बीमारियों के मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है।

### 139 रहा एक्यूआई

प्रदूषण की बात करें तो जिले का वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई 139 दर्ज किया गया है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार यह मध्यम श्रेणी में आता है। कोहरे और हवा की कम गति के कारण प्रदूषक तत्व वातावरण के निचले स्तर पर जमा हो रहे हैं जिससे सांस लेने में हल्की कठिनाई महसूस हो सकती है। आने वाले दिनों में अगर हवा की गति बढ़ती है तो वायु गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद की जा सकती है।

### नागरिक अस्पताल में अधूरे प्रबंध पर मरीजों ने जताई नाराजगी

# दो दिन से प्रिंटर खराब, बिना रिपोर्ट वापस लौट रहे मरीज

अस्पताल प्रबंधन से व्यवस्थाएं दुरुस्त करवाने की लगाई गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहरवासियों की स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दिल्ली रोड स्थित संचालित नागरिक अस्पताल में अधूरी व्यवस्थाओं को लेकर मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। अधूरे प्रबंध को लेकर नागरिक अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों में भी नाराजगी है। अस्पताल में दो दिनों से खराब प्रिंटर के कारण मरीजों को इलाज के बाद रिपोर्ट नहीं मिल पा रही है। ऐसे में परेशान मरीजों ने अस्पताल प्रबंधन से व्यवस्थाएं दुरुस्त करवाने की गुहार लगाई है। खराब प्रिंटर की अव्यवस्था के चलते मरीज बिना रिपोर्ट लिए वापस लौट रहे हैं। अस्पताल में परिजनों का इलाज करवाने के लिए आए विकास कुमार, सुमित, सुनीता देवी, निर्मला ने बताया कि नागरिक अस्पताल में दो दिन से जांच के बाद मरीजों को रिपोर्ट नहीं मिल रही है। ऐसे में अस्पताल प्रबंधन मरीजों को अधूरा इलाज करवा रहा है। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसे छोटी-छोटी अव्यवस्थाओं से मरीजों को जान-बूझकर परेशान किया जा रहा है।

### पहले लाइन की मार फिर अधूरा इलाज

नागरिक अस्पताल में पहले मरीजों को लंबी लाइन में लगकर अपना टेस्ट करवाना पड़ता है। इसके बाद उन्हें रिपोर्ट भी मुहैया नहीं करवाई जा रही है। इससे मरीजों के इलाज पर असर पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी उन मरीजों को हो रही है, जो दूरदराज की कॉलोनियों या शहर के दूसरे हिस्सों से पहले तो इलाज करवाने के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचते हैं।

### गर्भवती को भी दी जा रही आगे की तारीख

खराब प्रिंटर के चलते गर्भवती महिलाओं को ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। प्रिंटर खराब होने के कारण नागरिक अस्पताल में जांच करवाने के लिए आने वाली गर्भवती महिलाएं बिना रिपोर्ट परेशान हो रही है। बिना रिपोर्ट चिकित्सक भी महिलाओं का इलाज पूरा नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में कई महिलाओं को अगली तारीख देकर वापस भेजा जा रहा है।

*अस्पताल में प्रिंटर सही हालत में है, लेकिन उसकी कार्टेज खराब हो गई है। इस बारे में संबंधित कर्मचारियों को जल्द प्रिंटर में नई कार्टेज डलवाने के निर्देश दिए गए हैं। मरीजों को किसी भी चीज के लिए परेशान नहीं होने दिया जाएगा।*
*-ज्योत्सना, सिविल सर्जन, नागरिक अस्पताल*

## समस्या : सीवर ओवरफ्लो व पेयजल लाइन लीकेज होने से लोगों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मयूर विहार गली नंबर 25 में सीवर ओवरफ्लो होने व पेयजल पाइपलाइन लीकेज होने के कारण दूषित पानी का गली में भराव हो रहा है। इससे पीने के पानी में दूषित पानी की सप्लाई होने के कारण कॉलोनी वासियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। उक्त समस्या को लेकर मंगलवार को जिला पार्षद संजय बड़वासनी के नेतृत्व में कॉलोनी वासियों ने प्रदर्शन कर रोष जताया। जिला पार्षद संजय बड़वासनी ने दूषित पानी के बीच में बैठकर विरोध जताते हुए बताया कि नगर निगम अधिकारियों की लापरवाही के चलते लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ रही है। शिकायत करने के बावजूद भी समाधान नहीं हो रहा है।



### प्रदर्शन की दी चेतावनी

मयूर विहार की गली नंबर 25 में दूषित पानी का भराव होने की वजह से गली के लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। कॉलोनी वासियों ने कहा कि अगर प्रशासन की ओर से बुधवार तक उनकी समस्या का समाधान नहीं करवाया गया और पानी निकासी का प्रबंध नहीं किया तो वह सेक्टर 23 कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे।

### साहिल हत्याकांड : आरोपी जल्द होंगे गिरफ्त में

**सोनीपत।** जिले के गांव मल्हा माजरा के साहिल हत्याकांड में जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। दरअसल, इसको लेकर हरियाणा पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने एक लाख रुपये के इनाम की घोषणा की है। इसकी पुष्टि सोनीपत के एसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान ने की है। 8 जनवरी की रात छत के रास्ते घर में घुसकर लुटेरे मोबाइल फोन और सोने के गहने आदि लूट ले गए थे। विरोध किए जाने पर बदमाशों ने चाकू से हमला किया। वारदात के बाद अस्पताल में भर्ती कराए गए साहिल ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था। मंगलवार को कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने पुलिस को दो दिन का अल्टीमेटम दिया है। उधर, आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए हरियाणा पुलिस महानिदेशक ने बड़ा कदम उठाते हुए उनकी पहचान बताने वाले को एक लाख रुपये इनाम देने की घोषणा की है।

महाराष्ट्र और उत्तरप्रदेश से हिरासत में लिया, अब खुलेंगे कई राज

## अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश, तीन आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

साइबर थाने की टीम ने फर्जी दस्तावेज दिखा धोखाधड़ी करने वाले अंतर राज्यीय साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है। बाराबंकी के अमित, मोहम्मद अर्श और सीतापुर के रविंद्र को महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने तीनों को जेल भेज दिया है। ठगी गई 9.20 लाख की रकम में से पुलिस ने 2.90 लाख रुपये बैंक में फ्रीज भी करवाए हैं। गोहाना के सुरेश ने 14 दिसंबर 2023 को सोनीपत साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।



### नकदी सहित 10 डेबिट कार्ड की रिकवरी

*साइबर थाना प्रबंधक निरीक्षक बसंत कुमार, पीएसआई कृष्ण, एएसआई जोगेंद्र व नरेंद्र, हेड कॉन्स्टेबल चांद, ईएचसी प्रदीप और सिपाही विकास की टीम ने साइबर अपराध के तीन आरोपितों को महाराष्ट्र और उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से 5 मोबाइल फोन, बैंक खातों से 80 हजार रुपये और 10 डेबिट कार्ड की रिकवरी हुई है। रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई। फिर कोर्ट में पेश किया तो वहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।*

### पेट्रोल पंप लूट मामले में सिंघु बार्डर पर 4 संदिग्ध बाइक स्पॉट

**गन्नौर।** जीटी रोड स्थित दो अलग-अलग पेट्रोल पंप पर हुई लूट की वारदातों में दो दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं। पुलिस आरोपितों तक नहीं पहुंच सकी है। हालांकि जांच के दौरान पुलिस ने सिंघु बार्डर पर लगे सीसीटीवी में चार संदिग्ध बुलेट बाइक स्पाट की हैं, लेकिन फुटेज में किसी भी आरोपित की स्पष्ट पहचान नहीं हो पाई है। गन्नौर के एसीपी ऋषिकांत ने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों का गठन किया है। पुलिस द्वारा सिंघु बार्डर पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर एक जैसी चार बाइक कैद हुई हैं, जिससे अंदेशा है कि वारदात में एक से अधिक बाइक का इस्तेमाल किया गया। हालांकि फुटेज स्पष्ट न होने के कारण आरोपितों की पहचान नहीं हो सकी है।

## टूटी सड़क व पानी की लीकेज पर आप का प्रदर्शन, जताई नाराजगी



**सौनीपत।** विरोध प्रदर्शन करते हुए आप नेता एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मालवीय नगर की गली नंबर 1 के सामने मेन रोड पर बार-बार शिकायत के बावजूद दो महीने से हो रही पानी की लीकेज ठीक न करने व टूट चुकी गली को रिपेयर न करने के विरोध में आम आदमी पार्टी ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान आप नेता योगेशपाल ने कहा कि तिरंगा चौक से लेकर के आगे बामनों वाली गड्डी के गेट से आगे तक पूरी की पूरी सड़क की हालत बदहाल है। निगम सड़क फाड़ के तो चला जाता है लेकिन उसको ठीक कब करेंगे उसकी कोई डेडलाइन नहीं है। क्या बीजेपी और कांग्रेस के पार्षदों को मेयर को सोनीपत की सुध बुध लेने का समय है कि नहीं है? बीजेपी और कांग्रेस की जुगलबंदी से चलता नगर निगम सिर्फ भ्रष्टाचार करता दिखाई देता है और उस भ्रष्टाचार पर न तो कांग्रेस कुछ बोलती है और बीजेपी तो कर ही रही है।

**राहत** सीढ़ियों का काम पूरा होने के बाद शुरू किया जाएगा लिफ्ट लगाने पर काम

अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत सोनीपत स्टेशन पर 29 करोड़ रुपये से किए जा रहे पुनर्विकास कार्य

# रेलवे स्टेशन पर नए फुट ओवरब्रिज पर इमरजेंसी में सहायक बनेगा रैंप, शेड का काम हुआ पूरा

रविंद्र ठाकुर ▶▶| सोनीपत

रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन नए फुट ओवरब्रिज का निर्माण अंतिम चरण में है। फुट ओवरब्रिज पर गोलाकार शेड लगाने का काम पूरा हो चुका है, जबकि सीढ़ियों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। निर्माणाधीन नए फुट ओवरब्रिज के साथ गुड़ मंडी की तरफ एमरजेंसी के लिए रैंप का निर्माण भी करवाया जा रहा है, ताकि किसी मरीज को जरूरत पड़ने पर सीधे व्हीलचेयर के जरिये स्टेशन परिसर के बाहर या प्रत्येक प्लेटफार्म तक पहुंचाया जा सके। फुट ओवरब्रिज निर्माण के कार्य की जिम्मेदारी जालंधर की कंपनी को सौंपी गई है। कंपनी को मार्च माह तक सभी कार्यों को पूरा करने का समय दिया गया है।



**सोनीपत।** सोनीपत स्टेशन पर निर्माणाधीन नए फुट ओवरब्रिज के साथ दूसरे प्रवेश द्वार की तरफ बनाया गया रैंप।

### योजना में बिजली संबंधी कार्य भी शामिल

*अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत सोनीपत स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए 4.50 करोड़ रुपये की लागत से एक और 12 मीटर चौड़े फुट ओवरब्रिज का निर्माण करवाया जा रहा है। इस राशि में बिजली संबंधी कार्य भी शामिल हैं। स्टेशन पर निर्माणाधीन नए फुट ओवरब्रिज पर शेड व सीढ़ियों का निर्माण करवाने के बाद लिफ्ट भी लगवाई जाएंगी। इसके लिए कंपनी के कर्मचारियों ने पहले से ही पिलर खड़े कर लिए हैं। फिलहाल फुट ओवरब्रिज पर सीढ़ियों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। फुट ओवरब्रिज तैयार होने के बाद प्रत्येक प्लेटफार्म पर सीढ़ियों के साथ लिफ्ट की व्यवस्था भी रहेगी।*

### यात्रियों को मिलेगी भीड़ की समस्या से राहत

*यात्रियों की सुविधा के लिए सोनीपत स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत 29 करोड़ रुपये की राशि से विभिन्न विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यात्रियों को सोनीपत स्टेशन पर आधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए 6 अगस्त 2023 को वर्चुअल माध्यम से पुनर्विकास की आधारशिला रखी थी। फिलहाल स्टेशन पर एक ही फुट ओवरब्रिज होने से ट्रेनों के ठहराव के समय यात्रियों की भीड़ बढ़ जाती है। नए फुट ओवरब्रिज का निर्माण पूरा होने के बाद यात्रियों को सुविधा मिलेगी।*

### ओवरब्रिज करनाल की तर्ज पर बनाने की थी योजना

*रेलवे की ओर से पहले सोनीपत स्टेशन पर करनाल स्टेशन की तर्ज पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण करवाया जाना था। योजना थी कि नए फुट ओवरब्रिज का रास्ता दोनों प्रवेश द्वार पर बाहर की तरफ निकाला जाए। साथ ही दोपहिया वाहन चालकों को भी रेलवे स्टेशन के दोनों तरफ आवागमन में सुविधा मिल सके, लेकिन जगह के अभाव में रेलवे की यह योजना सिरे नहीं चढ़ पाई। ऐसे में नए फुट ओवरब्रिज की निकासी को मुख्य प्रवेश द्वार व जीआरपी थाना के पास प्लेटफार्म एक पर उतारा गया है, जबकि दूसरी निकासी को रैंप के माध्यम से गुड़ मंडी की तरफ उतारा गया है।*

### सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा

*सोनीपत स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत आवश्यकतानुसार भवन व अन्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। यात्रियों के लिए एक और नए फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। फुट ओवरब्रिज पर शेड लगवाए जा चुके हैं, कंपनी सीढ़ियों के निर्माण पर तेजी से कार्य कर रही है। सभी कार्यों को मार्च 2026 तक पूरा करवाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।*
*-पुष्पेश रमण त्रिपाठी, रेल प्रबंधक (डीआरएम), दिल्ली मंडल*



# इतिहास बदलने की दास्तान है 'स्पेस जेन : चंद्रयान'

**मुंबई।** 'पंचायत' के मेकर्स की नई वेब सीरीज 'स्पेस जेनः चंद्रयान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह सीरीज ओटीटी पर गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज हो रही है। कहानी चंद्रयान-2 की असफलता के बाद की वैज्ञानिक चुनौतियों और फिर इतिहास रचने की दास्तान की है। यह वेब सीरीज हिंदुस्तान के उस सपने की कहानी है, जिसमें हारना और हार के बाद फिर से उठकर इतिहास बदलने की दास्तान है। यह कहानी है इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन के चंद्रयान-2 मिशन की नाकामी और फिर चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता की। अनंत सिंह के डायरेक्शन में बनी यह सीरीज 'स्पेस जेनः चंद्रयान' के ट्रेलर की शुरुआत सवालों से होती है।

लाइफ Style



# तापसी
## दूसरों को गिराने के लिए दिए जा रहे पैसे

अभिनेत्री तापसी पन्नू अपनी महिला आधारित फिल्मों और शानदार अभिनय के अलावा, अपनी बेबाकी के लिए भी जानी जाती हैं। तापसी अक्सर हर मुद्दे पर खुलकर अपनी राय रखती हैं। अब तापसी ने इंस्ट्री में चलने वाले पीआर गेम पर अपनी राय रखते हुए इसकी आलोचना की है। साथ ही उन्होंने कहा कि वो खुद को इस पीआर गेम से दूर रखती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


तापसी ने पीआर को लेकर सवाल भी उठाया है। एक बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने कहा कि आजकल इंडस्ट्री में पीआर गेम काफी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि मैं अपने कामों में बहुत व्यस्त थी। लेकिन, पिछले डेढ़-दो साल से मैंने अपनी रफ्तार धीमी कर दी है और यह एक सोची-समझी कोशिश भी थी। मैंने महसूस किया है कि यह पीआर गेम एक अलग ही स्तर पर पहुंच गया है। आप या तो खुद को आगे बढ़ाने के लिए पैसे दे रहे हैं, जो पीआर करने का एक तरीका था। आप किसी और को नीचे गिराने के लिए भी पैसे दे रहे हैं। अभिनेत्री ने आगे कहा कि मुझे ये नहीं समझ में आता कि कब से आपकी सफलता किसी और की असफलता पर निर्भर करने लगी? लोग प्रासंगिक बने रहने के लिए अपने व्यक्तित्व का एक नया मुखौटा बना रहे हैं। मैं सिर्फ किसी हिट फिल्म में होने से संतुष्ट नहीं हूं, मुझे भी अपनी एक सशक्त आवाज चाहिए, भले ही वह आपकी न हो। लेकिन, आपको अपनी एक आवाज बनानी होगी। फिल्मों से परे आप जो आवाज बनाने की कोशिश कर रहे हैं, वह आपके काम से मेल नहीं खाती। यही विरोधाभास है। आप फिल्मों से परे होने की बात कर रहे हैं, लेकिन आपका काम कुछ और ही कह रहा है।

हॉलीवुड मसाला




# साइरंस किस में आएंगे नजर

**लॉस एंजिल्स।** कोरियन सीरीज को लेकर भारत में भी अच्छा-खास क्रेज देखा जाता है। जल्द ही 'स्क्विड गेम'सीरीज एक्टर वी हाजुन एक नई कोरियन सीरीज 'साइरंस किस'में नजर आएंगे। इन दिनों भारतीय दर्शक कोरियन सीरीज को बड़ी संख्या में देख रहे हैं। ऐसे में कई स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर कोरियन सीरीज स्ट्रीम होती है। जल्द ही एक सीरीज 'साइरंस किस' भी दर्शक देख पाएंगे। साइरंस किस सीरीज में कॉन्फिडेंस क्वीन फेम की पार्क मिनयंग और स्क्विड गेम स्टार वी हाजुन नजर आएंगे।




# द ब्लफ के निर्देशक फ्रैंक ई. फ्लावर्स का किया वेलकम

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी आगामी हॉलीवुड एक्शन फिल्म 'द ब्लफ' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। आज प्रियंका ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर 'द ब्लफ' के निर्देशक फ्रैंक ई फ्लावर्स के साथ अपनी एक खास तस्वीर शेयर की है। इसके साथ ही प्रियंका ने फ्रैंक के लिए एक वेलकम नोट भी लिखा है। प्रियंका चोपड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर आगामी एक्म 'द ब्लफ' के निर्देशक फ्रैंक ई. फ्लावर्स को लेकर एक पोस्ट शेयर किया है। प्रियंका ने फ्रैंक ई. फ्लावर्स के साथ एक खास तस्वीर इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की, जिसमें प्रियंका फ्लाइंग किस करती नजर आ रही है। और फ्रैंक उनके साथ सेल्फी खींचते नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर शायद 'द ब्लफ' की शूटिंग के दौरान की है। इस तस्वीर के साथ प्रियंका ने कैप्शन में लिखा, 'फिल्म 'द ब्लफ' के निर्देशक फ्रैंक आपका इंस्टाग्राम पर स्वागत है।'



# मैं धरम जी के बेटों के बेहद करीब...

**मुंबई।** हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र के बेटों सनी और बॉबी देओल के बीच अनबन की अफवाहों को खारिज कर दिया है। एक इंटरव्यू में उन्होंने परिवार के आपसी संबंधों और सनी द्वारा धर्मेंद्र की विरासत को आगे बढ़ाने की योजनाओं के बारे में बात की। दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का 24 नवंबर 2025 को मुंबई में उनके घर पर निधन हो गया। वे 89 साल के थे। उनके निधन के बाद देओल परिवार के रिश्तों पर लोगों की नजर टिक गई। इन अफवाहों पर हेमा मालिनी ने एक इंटरव्यू में कहा, 'सनी और बॉबी के साथ मेरा रिश्ता हमेशा बहुत अच्छा और प्यार भरा रहा है। आज भी वैसा ही है। मुझे समझ नहीं आता कि लोग हमारे बीच कुछ गड़बड़ क्यों सोचते हैं। लोग बस गपशप करना चाहते हैं। मुझे उन्हें जवाब क्यों देना चाहिए? कोई सफाई देना जरूरी नहीं है?



# अशरफ से जुड़ रहा नोरा का नाम...

**मुंबई।** नोरा फतेही अपनी अदाकारी और अपनी जबरदस्त डांस की वजह से सुर्खियों में रहती हैं। इस बार वह अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। नोरा फतेही मोरक्को मूल की हैं। वह 'अफ्रीका कप ऑफ नेशंस' 2025 के क्वार्टर फाइनल में मोरक्को की फुटबॉल टीम को चीयर करती दिखीं। इस टीम के कप्तान अशरफ हकीमी हैं। नोरा फतेही का नाम इसी फुटबॉलर से जोड़ा जा रहा है। अशरफ हकीमी की पहले स्पेनिश अभिनेत्री हिबा अबूक से शादी हो चुकी है। उनका रिश्ता 2020 से 2023 तक चला। उनके दो बच्चे आमीन और नईम हैं। साल 2023 में इस कपल का तलाक हो गया। हिबा स्पेनिश की कई मशहूर फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। हाल ही में मोरक्को की टीम की जीत के बाद नोरा फतेही ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा 'जबरदस्त खेल था!

टीवी मसाला




# सुनील लेकर आ रहे भारत के सुपर फाउंडर्स

**नई दिल्ली।** फिल्मों में अपना दमदार अभिनय दिखाने के बाद अब अभिनेता सुनील शेट्टी ओटीटी पर वापसी करने वाले हैं, वो भी एक अलग अंदाज में। सुनील शेट्टी एक नया रियलिटी शो ला रहे हैं, जिसका नाम है 'भारत के सुपर फाउंडर्स'। यह शो 16 जनवरी से शुरू हो रहा है। शो अमेजन एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम करेगा, जहां इसे बिल्कुल फ्री में देखा जा सकता है। शो का नया एपिसोड हर शुक्रवार-शनिवार दोपहर 12 बजे से स्ट्रीम करेगा। सुनील शेट्टी इस शो में बतौर होस्ट नजर आएंगे। शो का ट्रेलर सामने आ गया है। भारत के सुपर फाउंडर्स में उद्योग जगत के दिग्गजों का एक प्रतिष्ठित पैनल भारत के उन नए उद्यमियों का समर्थन करने के लिए एक साथ आया है। ये काफी हद तक 'शार्क टैंक' जैसा है। शो की थीम बिजनेस पर आधारित है, जिसमें नए बिजनेसमैन या इंट्राप्रेन्योर अपने आइडियाज और स्टार्टअप्स पैनल में मौजूद दिग्गज उद्यमियों से साझा करेंगे। इसके बाद अगर पैनल संतुष्ट होता है या पैनल का कोई एक सदस्य संतुष्ट होता है, तो उनके स्टार्टअप में इन्वेस्टमेंट करेगा। ट्रेलर में 100 करोड़ रुपये के इन्वेस्टमेंट पूल को प्रमुखता से दिखाया गया है, जो किसी भारतीय इंट्राप्रेन्योरियल रियलिटी सीरीज का अब तक का सबसे बड़ा अमाउंट है। इस निवेश को बिजनेस इंडस्ट्री के दिग्गजों के एक पैनल और रिकर क्लब का समर्थन प्राप्त है। शो का फोकस भारत भर के उन इंट्राप्रेन्योर्स पर है, जिनमें छोटे शहर और उभरते बाजार शामिल हैं। जो वास्तविक जरूरतों और मजबूत इरादों पर आधारित व्यवसाय स्थापित कर रहे हैं। सुनील शेट्टी शो में होस्ट और मेंटर के रूप में नजर आएंगे।

## द 50 शो का पहला लुक आया सामने

**नई दिल्ली।** कलर्स टीवी पर नए रियलिटी शो 'द 50' का पहला लुक सामने आने के बाद से ही दर्शक एक्साइटेड हैं। हालांकि, मेकर्स ने फराह खान



को होस्ट के रूप में दिखा दिया है, लेकिन कंटेस्टेंट्स और शो के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं बताई गई है। अब, 'द 50' के बारे में सारी बातें सामने आई है, ये एक ऐसा शो है जिसके बारे में मेकर्स का मानना है कि यह भारत में नॉन-फिक्शन टेलीविजन की दुनिया को बदल देगा। 1 फरवरी को प्रीमियर होने वाले उनके नए शो के बारे में पूछे जाने पर आलोक जैन ने बताया, 'द 50' में हम 50 सेलिब्रिटी कंटेस्टेंट्स को एक मंच पर लाएंगे और उन्हें कुछ बेहद एंटरटेनिंग टास्क पूरे करने होंगे। इसमें एलिमिनेशन भी होंगे। और लगभग 50 एपिसोड के बाद हमें विनर मिल जाएगा।' रियलिटी शो 'द 50' का प्रीमियर 1 फरवरी से रात 9 बजे जियोहॉटस्टार और रात 10:30 बजे कलर्स टीवी पर होगा।

# बॉलीवुड सेलेब्स ने मनाई लोहड़ी फैंस को दीं शुभकामनाएं








**मुंबई।** लोहड़ी का त्योहार खुशियों, समृद्धि और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। लोहड़ी के खास मौके पर लोग अलाव जलाकर नाच-गाना करते हैं और उसकी परिक्रमा करते हैं। अग्नि में तिल, गुड़, गजक, रेवड़ी और मूंगफली डालते हैं। लोहड़ी के मौके पर कई बॉलीवुड सेलेब्स अक्षय कुमार, शिल्पा शेट्टी, अनिल कपूर और रवीना टंडन के अलावा कई सेलेब्स ने अपने फैंस को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी हैं। रवीना टंडन ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह पिंक सूट में हाथ जोड़े लोहड़ी की शुभकामनाएं देती नजर आ रही हैं। इस पोस्ट के साथ रवीना ने लिखा, 'जैसे आज रात आग की लपटें नाचेंगी, वैसे ही आपका दिल भी खुशी और शांत जीत के साथ नाचे।' अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर पर अपने फैंस को लोहड़ी की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अक्षय ने पंजाबी में फैंस के लिए लिखा, 'आपको और आपके पूरे परिवार को लोहड़ी की लख-लख बधाई। वाहेगुरु जी आप सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और सभी के घरों को खुशियों से भर दें।' शिल्पा शेट्टी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की और लिखा, 'हैप्पी लोहड़ी, आपकी यह लोहड़ी जोरदार हंसी और परिवार के साथ ढेर सारी खुशी के पलों से भरी हो। यह एक नई शुरुआत है और आग सारी नेगेटिविटी को दूर ले जाए, सिर्फ रोशनी, गर्माहट और खुशी बाकी रहे।' अनिल कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की और फैंस को लोहड़ी की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'आग की गर्मी आपके घर में खुशियां, समृद्धि और सफलता लाए।' जैकी श्रॉफ और 'बिग बॉस 19' की कंटेस्टेंट अशनूर कौर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फैंस को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी हैं। वहीं विक्की कौशल के पिता शाम कौशल ने भी सभी को लोहड़ी की लख-लख बधाई दी है। शाम कौशल ने लिखा, 'यह लोहड़ी आपके जीवन में ढेर सारी खुशियां लाए।'

# रंग दे बसंती ने जगाया देशप्रेम, 3 इडियट्स ने दिखाई अलग राह, इन फिल्मों ने युवाओं का बदला नजरिया

**नई दिल्ली।** स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को अलग तरह से सोचने की प्रेरणा दी। नई लीक पर चलने का साहस दिया। इन्हीं मूल्यों को हिंदी सिनेमा ने भी अपनाया है। यही कारण है कि कई फिल्में बॉलीवुड में ऐसी बनीं, जिन्होंने युवाओं को इंस्पायर किया। इन फिल्मों में बॉलीवुड के नामी कलाकारों ने भी अभिनय किया।

**3 इडियट्स** : आमिर खान की फिल्म '3 इडियट्स'को हर उम्र के दर्शकों ने पसंद किया था लेकिन इस फिल्म को सबसे ज्यादा युवा पीढ़ी ने सराहा। इस फिल्म से कई यंगस्टर इंस्पायर हुए। उन्हें जिंदगी में कुछ अलग और नया काम करने की हिम्मत मिली। फिल्म में तीन इंजीनियरिंग स्टूडेंस की कहानी थी। फिल्म में रेंचो (आमिर खान ), राजू ( शरमन जोशी) और फरहान (आर माधवन ) के जरिए युवाओं को यह मैसेज दिया गया कि उन्हें वो काम करना चाहिए, जो खुशी दे। समाज के बनाए नियमों से पार जाकर अपने लिए अलग राह बनानी चाहिए, कुछ अलग सोचना चाहिए।

**रंग दे बसंती** : फिल्म 'रंग दे बसंती'ने युवाओं के मन में देशभक्ति का भाव पैदा किया था। देश के लिए कुछ करने की चाह पैदा की थी। फिल्म की कहानी में भगत सिंह जैसे स्वतंत्रता सेनानियों की सोच को अहमितय दी गई। इस फिल्म में आमिर खान ,सोहा अली खान, आर माधवन, सिद्धार्थ, शरमन जोशी, कुणाल कपूर, अतुल कुलकर्णी जैसे चर्चित कलाकार नजर आए थे। यह फिल्म युवाओं को भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए इंस्पायर करती है।



**12वीं फेल** : विक्रांत मैसी स्टारर फिल्म '12वीं फेल'भी यंगस्टर को बड़े सपने देखने के लिए इंस्पायर करती है। इस फिल्म में एक गरीब लड़के के आईएएस ऑफिसर बनने की कहानी है। यह फिल्म असफलता से निराश ना होने की बात करती है। ईमानदारी से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

**चक दे इंडिया** : शाहरुख खान स्टारर फिल्म 'चक दे इंडिया में एक ऐसे कोच की कहानी थी, जो एक महिला हॉकी टीम को तैयार करता है। इस कहानी में कोच का रोल शाहरुख खान ने निभाया था। आज भी यह फिल्म स्पोर्ट्स लवर की फेवरेट बनी हुई है। वहीं इस फिल्म ने लड़कियों को खेलों में आने के लिए इंस्पायर भी किया था।

**दंगल** : फिल्म 'दंगल'ने भी महिला सशक्तिकरण की बात बहुत ही अलग ढंग से फिल्म में कहा। कई युवा लड़कियों के लिए यह फिल्म एक प्रेरणा बन गई। आमिर खान की फिल्म 'दंगल' की कहानी पहलवान महावीर सिंह फोगट के जीवन पर आधारित थी। फिल्म में महावीर सिंह का रोल आमिर खान ने किया था। कैसे महावीर सिंह फोगट ने अपनी बेटियों को रेसलर बनाया, इसके लिए क्या-क्या संघर्ष किया, यही सब फिल्म में दिखाया गया है। फिल्म में फोगट बहनों का रोल फातिमा सना शेख, सान्या मल्होत्रा ने किया था।

## कई फिल्मों में दिखा मकर संक्रांति का उल्लास और उमंग

# बड़े पर्दे पर पतंगबाजी करते दिखे शाहरुख और सलमान

***नई दिल्ली।*** *मकर संक्रांति का उत्सव देश भर में उल्लास-उमंग के साथ मनाया जाता है। इस त्योहार में बड़े और बच्चे मिलकर पतंगबाजी भी करते हैं। इस त्योहार को बॉलीवुड फिल्मों में भी बड़ी खूबसूरती से दिखा गया है। हिंदी फिल्मों में भारतीय त्योहार कहानियों का अहम हिस्सा रहे हैं। हमारे त्योहारों, इसकी परंपरा पर फिल्मों में कई गाने भी सुनने को मिलते हैं। कई गाने तो बहुत हिट भी रहे हैं। होली, दिवाली, करवाचौथ के गीत बहुत बड़ी संख्या में हिंदी फिल्मों में रखे जाते हैं। 14 जनवरी को मकर संक्रांति का त्योहार है। मकर संक्रांति पर भी फिल्मी गीत, सीन्स कई बॉलीवुड फिल्मों में दिखे हैं।*



### हम दिल दे चुके सनम

सलमान खान और ऐश्वर्या राय की फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम(1999)' को दर्शकों से काफी प्यार मिला था। इस फिल्म में मकर संक्रांति का त्योहार दिखाया गया था। साथ ही एक गाना 'ढील दे दे रे भईया'सलमान खान पर फिल्माया गया था। वह फिल्म में पतंगबाजी करते हुए नजर आते हैं। यह गाना आज भी मकर संक्रांति पर खूब पसंद किया जाता है, पतंगबाजी करते हुए लोग इस गाने को गाते या सुनते हैं। सलमान खान की 2016 में रिलीज हुई फिल्म 'सुल्तान'में भी मकर संक्रांति की एक झलक मिलती है। एक सीन में उनका किरदार अपने गांव की गलियों में पतंगबाजी करता हुआ नजर आता है।

### काई पो चे

दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म 'काई पो चे'साल 2013 में रिलीज हुई। इस फिल्म में भी 'मांझा'नाम से एक गाना था, जिसमें सुशांत, राजकुमार राव और अमित साध दोस्तों के किरदार में नजर आते हैं। फिल्म में सभी मिलकर मकर संक्रांति का त्योहार मनाते हैं। यह गाना भी मकर संक्रांति के मौके पर लोग काफी पसंद करते हैं।

### रईस

शाहरुख खान की फिल्मों में भारतीय त्योहारों पर कई गाने देखने को मिलते हैं। साल 2017 में उनकी फिल्म 'रईस' रिलीज हुई। इस फिल्म में 'उड़ी उड़ी जाए' गाने में मकर संक्रांति का उल्लास, उमंग दिखा। पतंगबाजी भी झलक भी मिली। इस गाने में शाहरुख खान के साथ पाकिस्तानी एक्ट्रेस माहिरा खान भी नजर आईं।

### पतंग द काइट

साल 2011 में रिलीज हुई 'पतंग द काइट' फिल्म की कहानी तो मकर संक्रांति पर की जाने वाली पतंगबाजी के ईद-गिर्द बुनी गई। इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी नजर आए थे। इस फिल्म में मकर संक्रांति पर होने वाली पतंगबाजी उत्सव के साथ एक परिवार के लोगों की जिंदगी, रिश्तों और सपनों को दिखाया गया है। तापसी पन्नू की फिल्म 'रश्मि रॉकेट' में भी मकर संक्रांति का सीक्वेंस दिखाया गया था। रश्मि की तेज दौड़ और पतंगबाजी को साथ में जोड़कर यह सीन फिल्म में दिखाया जाता है।

### इन फिल्मों में दिखी लोहड़ी की धूम

मकर संक्रांति से पहले देश भर में लोहड़ी का त्योहार मनाया जाता है। हिंदी फिल्मों में भी लोहड़ी के रंग नजर आए हैं। शाहरुख खान और प्रीति जिंटा की 'वीर जारा', में लोहड़ी का त्योहार दिखाया गया। इस फिल्म में एक गाना 'लो आ गई लोहड़ी...' अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी पर फिल्माया गया। इसी तरह अजय देवगन और सोनाक्षी सिन्हा पर फिल्म 'सन ऑफ सरदार' में 'तू कमाल दी...' गाना फिल्माया गया, इस गाने में लोहड़ी का उत्सव, उल्लास दिखाया गया। फिल्म 'यमला पगला दीवाना' में भी लोहड़ी का त्योहार दिखाया गया था, जिसमें दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र नजर आए थे।

## खबर संक्षेप



खरखौदा। कंबल वितरित करते एच आर प्रमुख विनय दहिया। फोटो :हरिभूमि

### फाउंडेशन ने जरुरतमंदों को वितरित किए कंबल

**खरखौदा।** सुमन निर्मल मिंडा फाउंडेशन कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के तहत मंगलवार को 150 कंबल वितरित किए गये। विनय दहिया ने बताया कि फाउंडेशन ने जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े और कंबल वितरित किए गए। विनय दहिया ने सीएसआर, पीआर और एचआर टीमों के साथ-साथ स्वयंसेवकों द्वारा अभियान में सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

### नेताजी की जयंती पर होगा कार्यक्रम

**सोनीपत।** सर्व धर्म मित्र संगठन कार्यालय पर सदस्यों की मीटिंग हुई। जिसमें 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती को धूमधाम से मनाने का निर्णय हुआ। जयंती के अवसर पर सुभाष चौक पर कार्यक्रम होगा, जिसमे स्वतन्त्रता सेनानी संघठन और सामाजिक धार्मिक संस्थाओ के प्रतिनिधि मिलकर नेता जी को याद करेंगे। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चे देश भक्ति गीतों पर प्रस्तुति देंगे। जिसके तहत नाटिका का आयोजन भी होगा। बैठक में राजेंद्र बंसल, राजकुमार शर्मा, श्री कृष्ण झांब, ओमप्रकाश शर्मा, चन्द्रशेखर, रामशवरूप वर्मा, दीपांशु, रजत, अभिषेक, कुलदीप जैन आदि सदस्यों ने भाग लिया।

### छात्राओं को बताया लोहड़ी पर्व का महत्व



**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय में लोहड़ी व मकर संक्रांति का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। प्राचार्य गीता ने लोहड़ी में अग्नि प्रज्वलितत की। सभी शैक्षिक व गैर शैक्षिक स्टाफ सदस्यों और छात्राओं ने लोहड़ी की अग्नि में मूँगफली व रेवड़ी की आहुति देते हुए लोहड़ी की परिक्रमा की। प्राचार्य गीता ने सभी छात्राओं को लोहड़ी का महत्व बताते हुए सत्य की राह पर चलने की प्रेरणा दी।

*साउथ प्वाइंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग में लोहड़ी पर्व पर लोकगीतों व परंपराओं संग मनाया जश्न*

# लोहड़ी पर्व मनाकर लोकगीतों, बोलियों व ढोल की थाप पर झूमे छात्र-छात्राएं

**स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों ने रेवड़ी-मूंगफली का प्रसाद बांटा, अग्नि को भी अर्पित किया प्रसाद**



सोनीपत। साउथ प्वाइंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग में आयोजित लोहड़ी उत्सव पर अग्नि की परिक्रमा कर मूंगफली व रेवड़ी का प्रसाद अर्पित करती छात्राएं।



सोनीपत। साउथ प्वाइंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग में आयोजित लोहड़ी उत्सव में कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा के साथ मौजूद स्टाफ सदस्य व छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

साउथ प्वाइंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग में लोहड़ी पर्व उत्साह, उमंग व पारंपरिक परंपराओं संग लोकगीतों के साथ मनाया गया। लोहड़ी प्रज्वलित करने के बाद चारों ओर छात्र-छात्राओं व स्टाफ सदस्यों ने परिक्रमा कर मूंगफली, रेवड़ी, तिल व पॉपकॉर्न का प्रसाद अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। विद्यार्थियों ने पारंपरिक पंजाबी गीतों पर नृत्य किया, बोलियां बोलीं, लोकनृत्य से माहौल को जीवंत बनाया। ढोल की थाप व तालियों की गूंज के बीच महाविद्यालय परिसर उत्सवमय नजर आया। विद्यार्थियों ने सुंदर मुंदरिये हो, तेरा कौन विचारा हो... जैसे गीतों से लोक संस्कृति के प्रति जुड़ाव को और गहरा किया। साउथ प्वाइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि लोहड़ी पर्व हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में संस्कार, परंपरा व सामूहिकता की भावना को मजबूत करते हैं। लोहड़ी पर्व को नई फसल के स्वागत, मेहनत के फल, सामूहिक आनंद के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। लोग अग्नि को साक्षी मानकर नई शुरुआत, खुशहाली व आपसी भाईचारे का संदेश देते हैं। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री ने बताया कि शिक्षा के साथ सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। लोहड़ी पर्व का आयोजन उसी दिशा में एक सार्थक प्रयास है। वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री ने कहा कि लोहड़ी उत्सव ने विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का अवसर दिया। बच्चे पूरे उत्साह से परंपराओं को आगे बढ़ा रहे हैं। सीईओ भावना कालरा ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम सकारात्मक वातावरण बनाते हैं, विद्यार्थियों में टीमवर्क व सामाजिक मूल्यों को प्रोत्साहित करते हैं। कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने बताया कि लोहड़ी पर्व ने नर्सिंग छात्रों के बीच आपसी सौहार्द व सांस्कृतिक चेतना को और मजबूत किया है।

### लोहड़ी का पर्व हमारी प्राचीन सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक



*गन्नौर। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मंगलवार को सचिवालय परिसर में लोहड़ी पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन सीडीपीओ शीला के नेतृत्व में किया गया, जिसमें विभाग की सभी सुपरवाइजरों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार लोहड़ी की अग्नि प्रज्वलित की गई कार्यक्रम के दौरान लोक परंपराओं के अनुरूप गीत-संगीत का भी आयोजन किया गया। आंगनवाड़ी वर्कर प्रोमिला धनखड़ का हरियाणवीं परिधान में आयोजित कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा। सीडीपीओ शीला ने कहा कि लोहड़ी का पर्व हमारी प्राचीन सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है, जो समाज में सकारात्मक ऊर्जा, एकता और खुशहाली का संदेश देता है। इस अवसर पर कार्यालय सहायक कमला, सुपरवाइजर सीमा हूडा, मीनाक्षी, ममता, बीना, प्रीति, पूजा, निशा, सरिता, जगबीर लिपिक, संदीप व आंगनवाड़ी वर्कर्स मौजूद रही।*

### सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से मनाया गया लोहड़ी पर्व



**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. तराना नेगी के मार्गदर्शन में मंगलवार को सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से लोहड़ी पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्पेशल डे सेलिब्रेशन समिति के तत्वावधान में समिति प्रभारी डॉ. रेखा, नीरा व योगेश बाजवान की देखरेख में आयोजित हुआ। इस अवसर पर लोहड़ी की अग्नि प्रज्वलित कर तिल, मूंगफली, रेवड़ी एवं पॉपकॉर्न अर्पित किए गए तथा पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को दर्शाया गया। प्राचार्या ने अपने संबोधन में लोहड़ी पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे नई फसल के स्वागत, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता एवं सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बताया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना एवं सामूहिक सहभागिता की भावना को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम के अंत में स्टाफ सदस्यों ने एक-दूसरे को लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं दीं।

### राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में रीति रिवाजों के साथ मनाया लोहड़ी पर्व



**सोनीपत।** डॉ. भीमराव आंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ लोहड़ी पर्व मनाया गया। कुलपति प्रो. डॉ. देविंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विधिवत लोहड़ी प्रज्वलन कर सभी शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों ने प्रसाद अर्पित करने की रस्म अदा की। कुलपति ने बताया कि लोहड़ी पंजाब एवं उत्तर भारत का एक प्रमुख लोक पर्व है, जो सामूहिक आनंद, फसल की खुशहाली व सर्दियों के अंत का प्रतीक है। कुलसचिव प्रो. डॉ. आशुतोष मिश्रा ने बताया कि लोहड़ी पर्व केवल कृषि से ही नहीं, बल्कि लोककथाओं, वीरता व सामूहिक सौहार्द से भी जुड़ा हुआ है, जो हमें सांस्कृतिक जड़ों से जोड़े रखता है। विद्यार्थियों ने पारंपरिक गीतों पर नृत्य कर उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम में कुलपति के ओएसडी ललित, निजी सचिव राजेश कुमार, उप कुलसचिव डॉ. रामफूल, डॉ. बलविंद्र कौर, डॉ. सुखविंद्र सिंह, डॉ. पारुल, डॉ. आकाश, डॉ. कपिल मंगला, गणेश गुप्ता मौजूद रहे।

## जीडी गोयनका में शिक्षकों ने लोहड़ी का पर्व मनाया



राई। लोहड़ी पर्व शिक्षकों द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह से मनाते हुए।

**राई।** जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल, सोनीपत में लोहड़ी पर्व शिक्षकों द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में सौहार्द एवं उल्लासपूर्ण वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रूप से अग्नि प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसमें शिक्षकों ने तिल, मूंगफली, रेवड़ी एवं पॉपकॉर्न अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। शिक्षकों ने लोहड़ी पर्व के सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला और आपसी सहयोग, सद्भाव तथा सकारात्मक ऊर्जा का संदेश साझा किया। पारंपरिक गीतों और अनौपचारिक संवाद ने कार्यक्रम को और भी आनंदमय बना दिया। शिक्षकों ने संदेश दिया गया कि इस प्रकार के आयोजन कार्यस्थल पर सौहार्द, टीम भावना और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम का समापन सभी के लिए स्वास्थ्य, शांति और समृद्धि की कामना के साथ हुआ।

## बाल भवन स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया लोहड़ी त्योहार

- शिक्षकों ने अग्नि के चारों ओर एकत्र होकर एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल, गन्नौर में लोहड़ी का पर्व पूरे हर्षोल्लास और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया। विद्यालय के शिक्षकों ने सामूहिक रूप से लोहड़ी पर्व का आयोजन कर भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक विधि से पवित्र अग्नि प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद शिक्षकों ने अग्नि के चारों ओर एकत्र होकर एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। मूंगफली, रेवड़ी, गज्जक अर्पित कर लोहड़ी की परंपराओं का निर्वहन किया गया।




गन्नौर। बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में लोहड़ी का पर्व मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### लोहड़ी पर्व के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला

*लोकगीतों और पारंपरिक रीति-रिवाजों से वातावरण पूरी तरह उल्लासमय हो गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने लोहड़ी पर्व के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर भी प्रकाश डाला। विद्यालय प्रधानाचार्य जय भारत ने कहा कि ऐसे पर्वों का आयोजन बच्चों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। इससे न केवल परंपराओं का संरक्षण होता है, बल्कि आपसी सौहार्द और सकारात्मक वातावरण भी विकसित होता है। स्कूल के शिक्षकों ने व्यवस्था संभाली।*

### हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया लोहड़ी पर्व



*सोनीपत। हिंदू शिक्षण महाविद्यालय में पारंपरिक लोहड़ी का पर्व हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक समरसता तथा सामूहिक उत्सवों के महत्व के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. सोनिया आनंद व शिक्षकों की उपस्थिति में लोहड़ी प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने अग्नि में तिल, मूंगफली, रेवड़ी अर्पित कर सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। समारोह के दौरान ढोल की गूंजती थाप पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भांगड़ा एवं गिद्दा प्रस्तुत किया, जिससे पूरा परिसर उल्लास व उमंग से भर गया। पंजाबी लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और भी जीवंत बनाया। प्राचार्य डॉ. सोनिया आनंद ने विद्यार्थियों को भारतीय पर्वों एवं परंपराओं के संरक्षण के लिए प्रेरित किया। समापन पर पारंपरिक प्रसाद वितरण किया गया।*

## लोहड़ी पर्व पर अध्यापिकाओं ने पंजाबी गिद्दा की प्रस्तुति से बांधा समा

- ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में पारंपरिक उल्लास व उत्साह के साथ मनाया लोहड़ी का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में मंगलवार को लोहड़ी पर्व पारंपरिक उल्लास व उत्साह के साथ मनाया गया। लोहड़ी में अग्नि प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की गई। प्राचार्य गीता चोपड़ा, उप प्राचार्य रूना दास व स्टाफ सदस्यों ने रेवड़ी, मूंगफली, तिल, मक्की का प्रसाद अग्नि को अर्पित कर सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। प्राचार्य गीता चोपड़ा ने बताया कि लोहड़ी हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है, नई फसल के आगमन की खुशी का अवसर है। इसमें दुल्ला भट्टी व सुंदरी मुंदरी की अनूठी याद भी समाहित है।





सोनीपत। सोनीपत के ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में प्राचार्य गीता चोपड़ा के साथ लोहड़ी पर्व मनाती अध्यापिकाएं। फोटो : हरिभूमि

**लोहड़ी उत्सव नहीं, समाज की सामूहिक चेतना है**

गीत-संगीत की धुनों पर अध्यापिकाओं ने पंजाबी गिद्दा की प्रस्तुति से समा बांधा। उप प्राचार्य रूना दास ने बताया कि लोहड़ी केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक चेतना है। यह पर्व देश की विविधता में एकता की सुंदर मिसाल पेश करता है, समाज में भाईचारे की भावना को मजबूत करता है। कार्यक्रम में कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक, गीता राणा, निशा, रितु सिंह, श्वेता, नमिता, मधु, ज्योति, सोनिया मदान, निशा, सीमा रानी, रेखा, पारुल, कावेरी, मीनू, अर्चना, सुषमा, आहुति, स्वाति, सरिता, मनीष, खेल इंचार्ज संजीत, पीटीआई राखी मौजूद रही।

### पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल में मनाया लोहड़ी का पर्व



**सोनीपत।** पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल, कामी रोड में मंगलवार को लोहड़ी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक विधान के साथ हुई, जिसके पश्चात अलाव प्रज्ज्वलन किया गया, जो सर्दियों के अंत और लंबे उज्ज्वल दिनों के आगमन का प्रतीक है। इस अवसर पर पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डा. विजयपाल नैन, सचिव गौतम नैन, कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंधक निदेशक कपिल भाटिया, स्कूल की प्रधानाचार्या हिमानी दहिया व उप प्रधानाचार्य वरुण ने स्टाफ सदस्यों के साथ लोहड़ी जलाई और उसमें तिल, मूंगफली इत्यादि अर्पित किए व सभी के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान स्कूल परिसर रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों, लोक संगीत और ढोल की थाप से जीवंत हो उठा। भांगड़ा -गिद्दा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति देकर अध्यापक-अध्यापिकाओं ने समां बांध दिया। इस मौके पर मीनाक्षी, ममता, सीमा, निष्ठा, राजेश, जोगेंद्र, विनम, निशु, मेघा, दीपिका आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

**समस्या** | नई स्टॉर्म वाटर लाइन डालने के लिए एजेंसी से सर्वे करवाकर एस्टीमेट तैयार करेंगे एसएमडीए के अधिकारी

# शहर की सड़कों पर होने वाले जलभराव को रोकने को जल्द तैयार होगी योजना

**पूर्व मेयर राजीव जैन ने सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ की बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मानसून के दौरान बारिश से शहरभर की सड़कों पर होने वाली जलभराव की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) की ओर से जल्द कार्य योजना तैयार की जाएगी। इसके लिए शहरभर में जहां-जहां नई स्टॉर्म वाटर लाइन डालनी है, उसका सर्वे करवाकर एस्टीमेट तैयार किया जाएगा। जलभराव की समस्या का समाधान करवाने के लिए पूर्व मेयर राजीव जैन ने सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक कर संबंधित सुझावों पर चर्चा की। प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ कार्यालय में बैठक के दौरान नगर निगम के पूर्व मेयर राजीव जैन ने बारिश के पानी की निकासी के लिए अपने सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखें। उन्होंने बताया कि शहर में बारिश के दौरान सड़कों पर होने वाली जलभराव की समस्या प्रमुख मुद्दा है। बहालगढ़ व मुरथल रोड पर सही ढंग से नाले बनाकर उनकी निकासी ड्रेन नंबर 6 में की जाए। इसी तरह सेक्टर 14, 15 व 12 में बारिश के पानी के निकासी के लिए ड्रेन नंबर 6 में कनेक्टिविटी की जाए, तभी शहर की सड़कों पर होने वाली जलभराव की निकासी संभव हो सकती है।



सोनीपत। सोनीपत में अपने कार्यालय में सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक करते नगर निगम के पूर्व मेयर राजीव जैन।

### 1400 एमएम की लाइन को ड्रेन 6 तक बढ़ाने के निर्देश

पूर्व मेयर राजीव जैन ने अधिकारियों को बताया कि सेक्टर 15 व 16 डिवाइडिंग सड़क के साथ भी 1400 एमएम की लाइन डाली हुई है, जिसे बहालगढ़ रोड तक बिछाकर छोड़ दिया गया है। इसे आगे भी श्रीराम रेसीडेंसी के पास से ड्रेन नंबर 6 तक ले जाया जाए। उन्होंने बताया कि गोहाना रोड पर बने नालों की अंतिम छोर पर निकासी की व्यवस्था की जाए। उन्होंने गीता भवन चौक पर गुरुद्वारा रोड तक बड़ी पाइप लाइन डालने का सुझाव दिया।

### एसएमडीए व नगर निगम मिलकर करें योजना पर काम

पूर्व मेयर राजीव जैन ने कहा कि सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण व नगर निगम के अधिकारी मिलकर कार्य योजना पर काम करेंगे, तभी जलभराव की समस्या से लोगों को निजात दिलाई जा सकती है। बैठक में प्राधिकरण के मुख्य अभियंता एसके दहिया ने बताया कि पूरी योजना तैयार करने का काम सर्वे एजेंसी से करवाया जा रहा है। एजेंसी की रिपोर्ट आते ही तेजी से कार्य किया जाएगा। इसके बाद सड़कों पर होने वाली जलभराव की समस्या को रोका जा सकता है। बैठक में मुख्य अभियंता कृष्ण दहिया, कार्यकारी अभियंता आलोक कुमार, उपमंडल अभियंता अंकित मौजूद रहे।

### उपचारात्मक शिक्षण की विधियों का प्रयोग कर छात्रों की प्रगति में बनें सहायक : राठी



**खरखौदा।** खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय खरखौदा में प्राथमिक अध्यापकों के लिए चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी खरखौदा प्रदीप राठी ने अपने संबोधन से किया। विभिन्न जिलों से प्रशिक्षण ग्रहण करने आए हुए अध्यापकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्य प्रशिक्षकों द्वारा बताई जा रही बातों को वह अच्छे से ग्रहण करें और उपचारात्मक शिक्षण के लिए बताई जा रही विधियों का बेहतर तरीके से प्रयोग करें और छात्रों की प्रगति में सहायक बनें। यह पांचवां व अंतिम बैच था जिसमें अन्य जिलों से अध्यापकों ने प्रशिक्षण ग्रहण किया। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 40 अध्यापकों ने प्रशिक्षण लिया। इस प्रकार कुल पांच बैचों में खरखौदा में 220 अध्यापकों ने प्रशिक्षण ग्रहण किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सितंबर और दिसंबर - 2025 में हुए सेंसस ग्रुपिंग एक्सरसाइज के परिणाम के आधार पर बनाए गए उपचारात्मक शिक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देने हेतु आयोजित किया गया था। डॉ. नवीन कुमार और राजेश कुमार ने मुख्य प्रशिक्षक के रूप में इन सब बातों की जानकारी अध्यापकों को दी।

## खबर संक्षेप

### सेहरी गांव में मनाया बेटी जन्मोत्सव

**खरखौदा।** ब्लॉक खरखौदा के कम लिंगानुपात वाले गांव सेहरी में महिला एवं बाल विकास विभाग के सौजन्य से आंगनवाडी केन्द्र में बेटी जन्मोत्सव मनाया गया। जनवरी महीने में अब जन्म लेने वाली बेटियों का जन्मोत्सव केक काटकर मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने मंगल गान गाया। और बालिकाओं को उपहार दिए गए। आंगनबाड़ी केन्द्र में आयोजित जन्मोत्सव में मौजूद महिलाओं को लिंग जॉच न कराए जाने की शपथ दिलवाई। साथ ही विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

### गणतंत्र दिवस समारोह के लिए सौंपी जिम्मेदारी

**गोहाना।** मंगलवार को लघु सचिवालय में एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक हुई। गणतंत्र दिवस मनाने के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी लगाई गई। उपमंडल स्तरीय समारोह बलिदानी मदनलाल ढींगरा स्टेडियम में होगा। अंजलि श्रोत्रिय ने कहा कि गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय गौरव का पर्व है, जिसे सभी विभाग आपसी समन्वय से सफल बनाएं। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकियां, परेड, साफ-सफाई, स्वागत द्वार, बैठने की व्यवस्था, यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था, बिजली-पानी व अन्य व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। जनस्वास्थ्य विभाग को समारोह स्थल व रिहर्सल के दौरान स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने और एसएमओ को एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### प्राथमिक शिक्षकों की तीसरे सत्र की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

# सोनीपत व बाहरी जिलों के 2126 प्राथमिक शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण

**विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से शैक्षणिक स्तर बढ़ाने के लिए सभी खंड स्तर पर लग रहीं कार्यशालाएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। सोनीपत के गढ़ी ब्राह्मणान स्थित राजकीय विद्यालय में कार्यशाला के समापन पर खंड शिक्षा अधिकारी के साथ मौजूद प्रतिभागी शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

जिला के सभी सात खंडों में बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान (एफएलएन) के तहत शीतकालीन अवकाश के चलते प्राथमिक शिक्षकों के लिए तीसरे सत्र की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन किया गया। तीसरे सत्र में जिलाभर में 2126 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इनमें 280 शिक्षक अन्य जिलों में कार्यरत भी शामिल रहे। बाहरी जिलों में कार्यरत शिक्षकों को सोनीपत के गढ़ी ब्राह्मणान स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व मॉडल टाउन स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला के समापन पर खंड शिक्षा अधिकारी सूरजभान ने निरीक्षण कर शिक्षकों के साथ जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य प्राथमिक स्तर पर बच्चों की पढ़ने, लिखने एवं गणितीय समझ को मजबूत करना है। उन्होंने एफएलएन मिशन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों को नवाचारपूर्ण शिक्षण विधियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। गढ़ी ब्राह्मणान स्थित राजकीय विद्यालय में नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य अतुल खट्टर व मॉडल टाउन स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य संजीव दहिया के मार्गदर्शन में कार्यशाला का संचालन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सूरजभान ने कार्यशाला के प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रमाण पत्र प्रदान किए। उन्होंने बताया कि जिलाभर में करीब 2281 प्राथमिक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाना है। बुधवार से चौथे व अंतिम चरण में शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

एफएलएन के जिला संयोजक मनोज वर्मा ने प्रशिक्षण की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जिले में अब तक कुल 53 विभिन्न समूहों में 2126 प्राथमिक अध्यापकों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा चुका है। दो दिवसीय प्रशिक्षण में शिक्षकों को गतिविधि आधारित शिक्षण, सीखने के परिणाम, आकलन तकनीक एवं कक्षा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। उन्होंने प्रतिभागी शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने का आह्वान किया, ताकि उन्हें हर तरह से निपुण बनाया जा सके। मास्टर ट्रेनर के रूप में डॉ. मोनिका दहिया, सुनील सरोहा सीमा, ऋतु, प्रीति, अंजू, कमलेश, शशि प्रभा ने शिक्षकों के साथ जानकारियां साझा की।

#### ताकि बच्चे बनें निपुण

प्राथमिक अध्यापकों के लिए निदेशालय के तत्वावधान में आयोजित की गई तीसरे सत्र की दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न हो चुकी है। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षा में पिछड़ रहे विद्यार्थियों के लिए अलग रणनीति बनाना, किस तरह से उनका स्तर अन्य विद्यार्थियों के समकक्ष लाया जाए, ताकि उनका पढ़ाई का स्तर उच्च बनाया जा सके, इस पर शिक्षकों को विस्तृत जानकारी देना रहा, ताकि बच्चों को निपुण बनाया जा सके।

**रचना बाना, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, सोनीपत**

#### किस खंड में कितने शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण

- खंड सोनीपत के राजकीय विद्यालय, गढ़ी ब्राह्मणान व मॉडल टाउन में 15 समूह में 607 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।
- गन्नौर के राजकीय विद्यालय में 9 समूहों में 384 शिक्षकों ने प्रशिक्षण लिया।
- राई में राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय, बीसवां मील में 11 समूहों 425 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।
- गोहाना के राजकीय कन्या विद्यालय में 7 समूहों में 273 शिक्षकों ने कार्यशाला में भाग लिया।
- खंड कथूरा के राजकीय माध्यमिक विद्यालय, गुढ़ा में 2 समूह में 76 शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल हुए।
- खरखौदा के बीआरसी कार्यालय में 6 समूह में 209 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।
- मुंडलाना में राजकीय विद्यालय खंडराई में 4 समूहों में 152 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

# अवैध शराब तस्करी, भंडारण व बिक्री पर कसेगा शिकंजा



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी व पुलिस अधिकारी।

- पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त रणनीति बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत जिले में अवैध शराब की तस्करी, भंडारण और बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से सोमवार को लघु सचिवालय सोनीपत में सोनीपत पुलिस और आबकारी विभाग की एक महत्वपूर्ण संयुक्त रणनीति बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह के नेतृत्व में किया गया, जिसमें दोनों विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में अवैध और नकली शराब के नेटवर्क को पूरी तरह समाप्त करने के लिए समन्वित और ठोस कार्ययोजना तैयार करना रहा।

बैठक में अधिकारियों ने अवैध शराब कारोबार से जुड़े मौजूदा रुझानों, तस्करी के मार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों पर विस्तार से चर्चा की। इसी क्रम में हैदराबाद और नासिक से आए कुशल प्रशिक्षकों द्वारा पुलिस और आबकारी विभाग की टीम को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में अवैध व नकली शराब की पहचान, पैकेजिंग में अंतर, तथा असली और नकली होलोग्राम को तुरंत पहचानने की तकनीकें समझाई गई, जिससे फील्ड स्तर पर कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

सहायक पुलिस आयुक्त मुख्यालय ने बैठक में स्पष्ट किया कि शराब माफियाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में संदिग्ध स्थानों, ढाबों, गोदामों और अवैध बिक्री केंद्रों पर नियमित रूप से संयुक्त छापेमारी करेंगी। अंतरराज्यीय सीमाओं से होने वाली तस्करी को रोकने के लिए सभी नाकों पर सघन तलाशी अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

#### रीयल टाइम सूचना की जाएगी साझा

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि दोनों विभागों के बीच रीयल-टाइम सूचना साझा की जाएगी, ताकि किसी भी अवैध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। आमजन से अपील की गई कि यदि उन्हें कहीं अवैध शराब की बिक्री या भंडारण की सूचना मिले तो तत्काल पुलिस या आबकारी विभाग को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# बस स्टैंड मुरथल अड्डा के पास सड़क सुरक्षा और सुगम यातायात पर जोर

- सोनीपत ट्रैफिक पुलिस का अतिक्रमण हटाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। अभियान के दौरान निरीक्षक देशराज एवं अन्य पुलिस कर्मी।

सोनीपत में बढ़ती ट्रैफिक समस्याओं और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए सोमवार को ट्रैफिक पुलिस ने बस स्टैंड मुरथल अड्डा के पास अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना रहा।

सुबह के समय शुरू हुए इस अभियान के दौरान सोनीपत ट्रैफिक पुलिस ने नगर निगम सोनीपत के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सड़क किनारे लगाए गए अवैध ठेले, झोंपड़ियां, अस्थायी ढांचे और अन्य अतिक्रमणों को हटाया। इसके साथ ही रॉन्ग पार्किंग करने वाले वाहनों के चालान भी किए गए। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने दुकानदारों और आमजन को मौके पर ही जागरूक किया और समझाया कि सार्वजनिक सड़कों और हाईवे पर अतिक्रमण करना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है।

अभियान के समय ट्रैफिक इन्चार्ज शहर सोनीपत निरीक्षक देशराज स्वयं पुलिस टीमों के साथ मौके पर मौजूद रहे।



सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते हुए ठेका सफाई कर्मचारी।

### ठेका सफाई कर्मचारियों का धरना 6वें दिन भी जारी

**सोनीपत।** नगर निगम में ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच संबंधित मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ सहयोग बलि सेना यूनियन का धरना मंगलवार को आठवें दिन भी लगातार जारी रहा। धरने की अध्यक्षता उप प्रधान रविन्द्र ने की, जबकि संचालन सचिव सावन कुमार ने किया। धरनास्थल पर बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद रहे और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। उप प्रधान रविन्द्र ने कहा कि नगर निगम अधिकारियों के कानों पर कोई असर नहीं हो रहा है। अब तक न तो हटाए गए सफाई कर्मचारियों को नौकरी पर वापस लेने को लेकर कोई सहमति बनी है और न ही चार महीने से कटे ईएसआई और ईपीएफ का भुगतान किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्मचारियों को लगातार झूठे आश्वासन दिए जा रहे हैं, जबकि ठेकेदार ने पिछले चार महीने का ईएसआई और ईपीएफ देने से साफ इनकार कर दिया है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुकेश कर्मा ने कहा कि निगम अधिकारियों द्वारा सफाई कर्मचारियों का जातीय शोषण किया जा रहा है। न तो सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार समान काम समान वेतन दिया जा रहा है और न ही हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार दस साल से काम कर रहे कर्मचारी पक्का किए जा रहे।

# वार्ड 8 में बड़ी रोड पर पानी निकासी के लिए 30 लाख से बनेगा नाला

- नगरपालिका चेयरमैन अरुण त्यागी ने नारियल फोड़कर नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



गन्नौर। नगरपालिका चेयरमैन अरुण त्यागी पार्षदों के साथ नारियल फोड़कर नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए।

नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर-8 स्थित बड़ी रोड पर पानी निकासी की समस्या समाधान के लिए नगरपालिका चेयरमैन अरुण त्यागी ने नारियल फोड़कर नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। करीब 30 लाख रुपये की लागत से नाला बनेगा। नगरपालिका चेयरमैन अरुण त्यागी ने कहा कि शहर की मूलभूत समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नाला निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ और तय समय सीमा में पूरा किया जाए, ताकि लोगों को जल्द से जल्द राहत मिल सके। वार्ड-8 के पार्षद विकास शर्मा ने कहा कि यह समस्या लंबे समय से क्षेत्रवासियों के लिए सिरदर्द बनी हुई थी। अब नाला निर्माण से न केवल जलभराव की समस्या खत्म होगी, बल्कि सड़क की हालत में भी सुधार आएगा।चेयरमैन अरुण त्यागी ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य कराए जाएंगे और आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान होगा। नगरपालिका अधिकारियों ने बताया कि नाला निर्माण के साथ-साथ पानी की निकासी को मुख्य नालों से जोड़ा जाएगा, ताकि बरसात के दौरान पानी का सुचारु प्रवाह बना रहे।

# विश्वविद्यालय परिसर को तंबाकू मुक्त करने का लिया संकल्प

- भगत फूल सिंह महिला विवि खानपुर कलां में तम्बाकू निषेध दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



गोहाना। तम्बाकू के खिलाफ शपथ दिलाते कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव। फोटो : हरिभूमि

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) खानपुर कलां में मंगलवार को तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में शिक्षक और छात्राओं ने विवि परिसर को तम्बाकू मुक्त बनाने का संकल्प लिया। अध्यक्षता नार्को कोर्डिनेशन सेंटर की नोडल अधिकारी प्रो. मंजू पंवार ने की।

मुख्य वक्ता एमएसएस आयुर्वेद संस्थान के प्राचार्य डॉ. एपी नायक थे। मुख्यातिथि विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने कहा कि तंबाकू न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र की प्रगति में भी बाधक है। युवा शक्ति किसी भी देश की सबसे बड़ी पूंजी होती है और स्वस्थ युवा ही सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं। ऐसे में युवा नशे की तम्बाकू व अन्य नशीले पदार्थों से सेवन से बचें। युवा स्वयं भी तंबाकू से दूर रहें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि तंबाकू छोडऩा आज की आवश्यकता है, ताकि आने वाली पीढिय़ों को स्वस्थ, सुरक्षित व सकारात्मक वातावरण प्रदान किया जा सके।

# निपुण भारत मिशन के तहत 396 अध्यापकों को दिया गया प्रशिक्षण

- एफएलएन लक्ष्यों की प्राप्ति में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : दहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



गन्नौर। एफएलएन अंतर-जिला प्रशिक्षण के समापन पर शिक्षकों के साथ बीईओ आजाद सिंह दहिया। फोटो :हरिभूमि

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गन्नौर में मंगलवार को विभागीय निर्देशानुसार आयोजित दो दिवसीय एफएलएन (निपुण भारत मिशन) अंतर-जिला प्रशिक्षण का समापन किया गया। प्रशिक्षण की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह दहिया ने की। प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षकों को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) के लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से प्राप्त करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

प्रशिक्षण के अंतर्गत कुल नौ बैचों में गन्नौर ब्लॉक के 308 शिक्षक एवं अन्य जिलों से आए 88 शिक्षकों सहित कुल 396 शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य संसेस ग्रुपिंग असेसमेंट सर्वे के पश्चात पिछड़े हुए विद्यार्थियों के लिए प्रभावी रिमेडियल योजना तैयार करने पर विशेष रूप से केंद्रित रहा। बीईओ आजाद सिंह दहिया ने कहा कि एफएलएन लक्ष्यों की प्राप्ति में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# डीसीआरयूएसटी के 14 विद्यार्थियों का आईटी कंपनी में हुआ चयन

- डीसीआरयूएसटी के छात्र बनेंगे जॉब क्रिएटर, नहीं रहेंगे जॉब सीकर : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल के कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग विभाग के 14 विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित आईटी कंपनी में चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को 8.28 लाख रुपये का वार्षिक पैकेज मिलेगा। इससे विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि डीसीआरयूएसटी का विद्यार्थी जॉब सीकर नहीं, बल्कि जॉब क्रिएटर बने, यही विश्वविद्यालय की सोच व रणनीति है। विश्वविद्यालय में कंपनी ने पीपीटी प्रेजेंटेशन, ऑनलाइन टेस्ट, हैकाथॉन, ग्रुप डिस्कशन, साक्षात्कार जैसी चयन प्रक्रिया के बाद 14 विद्यार्थियों का चयन किया। चयनित विद्यार्थियों में अमन सिवाच, भूपेश दहिया, रितिक दांगी, साहिल अदलखा, पवन, मोक्षित बिंदल, निश्चय कंबोज, शौर्य भारद्वाज, तनय नागपाल, द्विजा अरोड़ा, सागर, अंकिता गुप्ता, आलोक कुमार शामिल हैं।



सोनीपत। इंडियन मॉडर्न वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रबंधन व प्रशिक्षक के साथ मौजूद पदक विजेता खिलाड़ी।

### जूनियर नेशनल कुराश चैंपियनशिप के पदक विजेताओं का किया स्वागत

**सोनीपत।** इंडियन मॉडर्न वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने जूनियर नेशनल कुराश चैंपियनशिप में चार पदक जीतकर प्रदेश व जिले का नाम रोशन किया। चैंपियनशिप का आयोजन 8 से 10 जनवरी तक बिहार के पटना में किया गया। चैंपियनशिप में इंडियन मॉडर्न विद्यालय की सृष्टि ने 57 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक, तमन्ना ने +78 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक, योगेश ने 99 किलोग्राम में रजत पदक व अंश ने 55 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक जीता। विद्यालय पहुंचने पर प्रबंधक नीलम गाहल्याण, गांव पुरखास के सरपंच बहादुर पहलवान ने खिलाड़ियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने जूडो कोच सतपाल गुलिया की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय के खिलाड़ी उनके सान्निध्य में प्रदेशभर ही नहीं, बल्कि देशभर में अपनी पहचान बनाते हैं।

### सीएम नायब, लेकिन व्यवस्था गायबः हुड्डा

**सोनीपत।** कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने आज सोनीपत जिले के गांव मल्हा माजरा पहुंचकर हाल ही में हुई साहिल हत्याकांड के पीड़ित परिवार को गहन शोक संवेदना व्यक्त की। दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने मृतक साहिल की माता से मुलाकात की और परिवार के अन्य सदस्यों से भी बातचीत की।

दीपेंद्र हुड्डा ने डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान से फोन पर मामले की विस्तृत जानकारी ली और आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि पुलिस को दो दिन का समय दिया जा रहा है, उसके बाद कांग्रेस अपनी ओर से रोष प्रदर्शन की नीति तैयार करेगी। सांसद ने हरियाणा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में अपराधी बेलगाम हो गए हैं। हरियाणा एसटीएफ ने भी स्वीकार किया है कि राज्य में 88 गैंग सक्रिय हैं।

### गली, चौपाल व श्मशान घाट के शेड समेत होंगे कई विकास कार्य

# विकास पर खर्च होंगे 188 लाख रुपये : डॉ. अरविंद

**गोहाना विस क्षेत्र में 21 कार्यों के लिए 1.32 करोड़ जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

राज्य सरकार गोहाना विधानसभा में 188 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इस राशि से क्षेत्र में गली, चौपाल और श्मशान घाट के शेड के निर्माण सहित अन्य विकास कार्य पूरे किए जाएंगे।

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा नए साल में गोहाना विधानसभा में विकास कार्यों के लिए निरंतर धनराशि मंजूर की जा रही है। सरकार द्वारा गोहाना में 21 विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ 38 लाख 99 हजार मंजूर करते हुए जारी किए गए हैं। इसमें हरियाणा ग्रामीण विकास योजना के तहत 1.38 करोड़ रुपये व विधायक आदर्श नगर एवं ग्राम योजना के तहत 50 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। गोहाना विधानसभा के गोहाना खंड के गांव सतबीर के मकान तक गली निर्माण के लिए 10.76 लाख रुपये, गांव ककाना भादरी में ब्राह्मण चौपाल के निर्माण के लिए 11 लाख रुपये, गांव कैलाना खास में बीसी चौपाल में हॉल निर्माण के लिए 10 लाख रुपये, गांव कासंडा में शिव शक्ति धाम श्मशान घाट के शैड निर्माण के लिए 10 लाख रुपये व अम्बेडकर भवन की चारदीवारी बनाने के लिए 10 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। कैबिनेट मंत्री के अनुसार गोहाना हलके में गन्नौर खंड के गांव रहमाना में बीसी चौपाल के निर्माण के लिए 18 लाख 48 हजार रुपये, गांव मोई में बाबा बिंदे वाला तालाब की चारदीवारी व गौघाट के सौंदर्यीकरण के लिए 11.64 लाख रुपये, गांव दुभेटा में सामुदायिक केन्द्र के निर्माण, खेल स्टेडियम की रिपेयर के लिए 8 लाख 18 हजार रुपये व स्टेडियम के जीर्णोद्धार के लिए 2.55 लाख रुपये, गांव भादी में रोहतास के मकान से बुध सिंह के प्लॉट तक गली निर्माण के लिए 6.64 लाख रुपये, गांव सिटावली में बीसी चौपाल की चारदीवारी के लिए 4.43 लाख रुपये व मुंडलाना खंड के गांव हसनगढ में अहीर वाली चौपाल के शेड निर्माण के लिए 10 लाख रुपये, गांव खंदराई में प्रजापत चौपाल के निर्माण के लिए 10 लाख 3 हजार रुपये व झीमर चौपाल के निर्माण के लिए 10 लाख 3 हजार रुपये मंजूर किए गए हैं।

#### कैबिनेट मंत्री ने वैंगी योजना में 50 लाख रुपये जारी करवाए

विधायक आदर्श नगर एवं ग्राम योजना के तहत कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने 50 लाख रुपये मंजूर करवाए हैं। इसमें गांव मोहाना में गंदे पानी की निकासी के लिए नाला निर्माण के लिए 15 लाख 98 हजार रुपये व विश्वकर्मा चौपाल के निर्माण के लिए 9 लाख 99 हजार रुपये, खिजरपुर जट माजरा में सरकारी स्कूल से भोपाल के मकान तक नाला निर्माण के लिए 12 लाख 80 हजार रुपये, गोहाना शहर के वार्ड 14 में जमाल खान पीर से आईटीआई गोहाना तक गली निर्माण के लिए 4 लाख 76 हजार रुपये, वार्ड 15 में सार्वजनिक शौचालय निर्माण के लिए 3 लाख 35 हजार रुपये व वार्ड 23 में राधा मोहन वाली गली के निर्माण के लिए 3 लाख 12 हजार रुपये मंजूर किए गए हैं।